# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–15 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई जिले में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा महाराजा नरपति सिंह की याद में आयोजित विजयोत्सव कार्यक्रम में आज हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छह सौ पचास करोड़ रुपये की सात सौ उन्तीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक तथा अन्य सामग्री वितरित किया। मुख्यमंत्री ने हरदोई के विकास के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में भी चर्चा की।

**पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क यहीं बनने जा रहा है। पीएम मित्र टेक्सटाइस पार्क का मतलब लाखों नौजवानों के लिए नौकरी और रोजगार की सुविधा आप ही के जनपद में प्राप्त होगी। जब टेक्सटाइल पार्क बनेगा तो इनके हुनर को भी काम मिलेगा। और साथ साथ यहां के नौजवानों को, जो लोग अब तक कार्य के लिए पंजाब जाते हैं, सूरत जाते हैं उन्हें वहां नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि अन्य देश भर के लोगों को रोजगार के लिए आपके हरदोई में आना पड़ेगा।**

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि महाराजा नरपति सिंह की पावन धरा के तालाब को सरकार पक्षी विहार के रूप में विकसित करेगी।

**********

वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कल से शुरू हो गए हैं। तीर्थयात्री श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की वेबसाइट जेकेएसएएसबी डॉट एनआईसी डॉट इन के माध्यम से बावन दिवसीय आगामी यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**पंजीकरण देश भर में 540 से अधिक अधिकृत बैंक शाखाओं और पंचायत भवन, वैष्णवी धाम और महाजन हॉल जैसे निर्दिष्ट केंद्रों पर भी कराया जा सकता है। सभी तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। प्रत्येक तीर्थयात्री के लिए पंजीकरण शुल्क 220 रुपये है। सभी तीर्थयात्रियों के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन या आरएफआईडी कार्ड अनिवार्य है। अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई को अनंतनाग जिले के पहलगाम ट्रैक और गंदेरबल जिले के बालटाल मार्ग से शुरू होगी। यह यात्रा नौ अगस्त को रक्षा बंधन के अवसर पर समाप्त होगी। जम्मू से गुलशन रैना की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अभिषेक कपिल।**

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आने वाले श्रद्धालु अब मंदिर परिसर में गोस्वामी तुलसीदास का भी दर्शन कर सकेंगे। मंदिर परिसर में यात्री सुविधा केंद्र के पूर्वी दिशा में प्रवेश द्वार पर आज गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने बताया कि मंदिर परिसर अपनी पूर्णता की ओर बढ़ रहा है। इसी कड़ी में कल मुख्य मंदिर के शिखर पर कलश की स्थापना की गई। आज प्रतिमा के लोकार्पण के बाद अब श्रीरामलला के दर्शन के लिए आने वाला हर एक भक्त गोस्वामी तुलसीदास का भी दर्शन कर सकेगा।

**********

जौनपुर जिले के लखनऊ मांझीघाट मार्ग पर प्रसाद स्कूल से चौकिया माता धाम तक के सम्पर्क मार्ग की करीब दो करोड़ सत्रह लाख रुपये की लागत से मरम्मत कराई जाएगी। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशासी अधिकारी राजेंद्र वर्मा ने बताया कि इस सम्पर्क मार्ग के कायाकल्प का काम शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। धर्मार्थ योजना के तहत इस मार्ग का सुदृढ़ीकरण और विकास होने जा रहा है। खेल और युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव के प्रस्ताव पर शासन ने इस मार्ग के कायाकल्प के लिए बजट जारी कर दिया है।

**********

बहराइच जिले में गोंडा बहराइच मार्ग पर खूंटेहना चौकी के काटिलिया के पास आज हुए एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक ही परिवार से जुड़े एक दर्जन से अधिक लोग ऑटो रिक्शा बुक कर रिश्तेदारी में जा रहे थे और एक तेज रफ्तार बस ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे ऑटो रिक्शे को टक्कर मार दी।

**********

विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स बाजार का लक्ष्य वैश्विक मनोरंजन पारिस्थितिकी तंत्र में पेशेवरों, व्यवसायों और रचनाकारों को जोड़ने के लिए एक क्रांतिकारी ऑनलाइन बाजार बनना है। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने एक अंग्रेजी दैनिक में अपने आलेख में यह बात कही। सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए आमिर खान ने कहा कि भारत, वेव्स और वेव्स बाजार के माध्यम से वैश्विक मनोरंजन समुदाय के लिए अधिक सहयोगी और समावेशी भविष्य बनाने की दिशा में साहसिक कदम उठा रहा है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्से में सत्रह से बीस अप्रैल तक कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस अंचल में आज और कल मौसम शुष्क रहेगा साथ ही अठारह और उन्नीस अप्रैल को कहीं कहीं तेज झोंकेदार हवा चलने और वज्रपात की चेतावनी भी दी गई है।

**********